आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 15.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। कहा– सरकार बिना किसी भेदभाव के जन कल्याण की भावना से काम कर रही है।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सगन्ध पौधा केन्द्र का निरीक्षण किया। कहा– उच्च मूल्य वाली सगंध फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण से राज्य के किसानों की आर्थिकी में बेहतर सुधार होगा।
- कोटद्वार स्थित गबर सिंह कैंप में अग्निवीर भर्ती रैली शुरू।
- प्रदेश में ”जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार” कार्यक्रम, शासन और जनता के बीच सेतु बनकर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम सिद्ध हो रहा है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के हित में काम कर रही है। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही।
प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने विविधता को अपनी ताकत बनाया और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक मंचों पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज देहरादून के सेलाकुई स्थित सगन्ध पौधा केन्द्र का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधयों की विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उच्च मूल्य वाली सगंध फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण से प्रदेश के किसानों की आर्थिकी में बेहतर सुधार हो सकता है। मुख्य सचिव आनदं बर्धन ने प्रदेश के सभी जिलों की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप खुशबूदार फसलों का चयन कर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इसमें जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को सगन्ध पौध उत्पादन और प्रसंस्करण कार्य से जोड़ने के लिए सभी जिलों में प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। मुख्य सचिव ने किसानों को सगन्ध फसलों के उत्पादन में अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने इत्र और सुगंधित क्षेत्र में उच्च शिक्षा व कौशल विकास के अंतर्गत डिप्लोमा व प्रमाणीकरण कार्यक्रम संचालित किए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही छह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में तैयार किए जा रहे सैटेलाईट सेंटर्स को भी शीघ्र शुरू करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सगंध पौधा केंद्र के निदेशक डॉ. निर्पेंद्र चौहान ने बताया कि केन्द्र को खुशबूदार फसलों के वाणिज्यीकरण के लिए एक सफल मॉडल के रूप में विकसित किया गया है, जो एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि पांच नाली तक के किसानों को निःशुल्क रोपण सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है, जबकि नौ खुशबूदार फसलों के लिए 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।

मोटर पुल

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने भारत और नेपाल के बीच धारचूला के छारछुम में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय मोटर पुल की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को पुल के सभी अवशेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय पुल के पास अर्धसैनिक बलों और कस्टम की चौकी स्थापित किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गौरतलब है कि पुल पर आवाजाही शुरू होने से भारत और नेपाल के बीच आवागमन, व्यापार और सीमा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

अग्नीवीर भर्ती

पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार स्थित गबर सिंह कैंप में आज से अग्निवीर भर्ती  रैली शुरू हो गई है, जो 30 जनवरी तक चलेगी। भर्ती रैली चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून और हरिद्वार जिले के युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। इसके माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों पर भर्ती की जाएगी। रैली के लिए पंजीकृत 12 हजार 756 अभ्यर्थियों में से 3 हजार 522 अभ्यर्थी केवल पौड़ी जिले से हैं। आज भर्ती रैली में आए चमोली के अभ्यर्थी मोहित बिष्ट और उत्तरकाशी के हरीश चौहान ने कहा कि शासन प्रशासन के साथ ही लैंसडाउन भर्ती कार्यालय की ओर से अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं।

जन–जन की सरकार

प्रदेश में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम, शासन और जनता के बीच सेतु बनकर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम सिद्ध हो रहा है। इन शिविरों में अब तक हजारों लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज चमोली जिले में गैरसैंण विकासखंड की न्याय पंचायत आदिबद्री में जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, जंगली जानवरों से फसल नुकसान आदि के संबंध में 104 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक अनिल नौटियाल ने मुख्यमंत्री की इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांव स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो रहा है और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

उत्तरायणी मेला

चम्पावत जिले के टनकपुर में दो दिवसीय उत्तरायणी मेले का आयोजन किया गया। हरेला क्लब की ओर से आयोजित इस मेले में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नेत्र शिविर और सामूहिक निर्धन कन्या विवाह के साथ ही शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष अजय गुरुरानी ने बताया  उत्तरायणी मेले का मुख्य उद्देश्य पर्वतीय संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को संस्कृति से जोड़ना है।